## Sujas Quiz – 164 (02 Aug 2026)

**प्रश्न : 1 - राजस्थान में 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस फॉर नेचुरल फार्मिंग' की स्थापना कहाँ की जा रही है ?**

(A) कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
(B) महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर
(C) श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
(D) स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

**Answer :- (C) श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर**

**व्याख्या :** राजस्थान में **'Centre of Excellence for Natural Farming'** की स्थापना **श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर)** में की जा रही है। यह घोषणा **राजस्थान बजट 2026-27** में की गई है। इस केंद्र में किसानों को फसलों के कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए **जैविक और प्राकृतिक विधियों का प्रशिक्षण** दिया जाएगा।

---

**प्रश्न : 2 - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 1 अगस्त 2026 को 'राज्य स्तरीय वन महोत्सव' का शुभारंभ किस जिले से किया गया ?**

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) उदयपुर
(D) डूंगरपुर

**Answer :- (C) उदयपुर।**

**व्याख्या :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 1 अगस्त 2026 को **77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव** का शुभारंभ **उदयपुर** जिले से किया गया। यह कार्यक्रम उदयपुर के दूधतलाई (कालका माता) वन क्षेत्र में आयोजित किया गया।

- इस अवसर पर 33 करोड़ रुपये की लागत वाली **'चंदन वन'** परियोजना का शुभारंभ किया गया साथ ही उदयपुर, बांसवाड़ा, सिरोही एवं प्रतापगढ़ में चन्दन वन की स्थापना की घोषणा की गयी।

---

**प्रश्न : 3 - अजरबैजान में आयोजित अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राजस्थान की संध्या विश्नोई का संबंध किस खेल से है?**

(A) मुक्केबाजी
(B) भारोत्तोलन
(C) निशानेबाजी
(D) कुश्ती

**Answer :- (D) कुश्ती**

**व्याख्या :** राजस्थान की संध्या विश्नोई का संबंध **कुश्ती (Wrestling)** खेल से है। उन्होंने अजरबैजान के बाकू में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के 46 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता है। इनका गृह जिला भीलवाड़ा है।

---

**प्रश्न : 4 - कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ सम्मेलन में किस ऐतिहासिक घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए?**

(A) नई दिल्ली घोषणा-पत्र
(B) कॉमनवेल्थ शांति समझौता
(C) राजस्थान मेडिएशन ड्राफ्ट
(D) जयपुर घोषणा-पत्र

RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS CURRENT AFFAIRS www.rajasthancurrentaffairs.in

**Answer :- (D) जयपुर घोषणा-पत्र**

**व्याख्या :** कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ सम्मेलन में **"जयपुर घोषणा-पत्र" (Jaipur Declaration on Peace Mediation)** को अपनाया/हस्ताक्षरित किया गया। यह सम्मेलन **31 जुलाई–2 अगस्त 2026** को **जयपुर, राजस्थान** में आयोजित हुआ। इसकी थीम **"Peace Mediation and the Rule of Law"** थी।

- इस सम्मेलन के समापन सत्र में **'Nyayan - The Digital Way of Justice ' (न्यायायान)** नामक नया सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया। इसके द्वारा न्यायपालिका में डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा दिया जायेगा।

---

**प्रश्न : 5 - पंच गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत प्रतापगढ़ जिले का उत्पाद कौन सा है?**

**(A) क्वार्ट्ज**

**(B) मार्बल के उत्पाद**

**(C) थेवा आभूषण**

**(D) गार्लिक प्रोडक्ट**

**Answer :-**

**(C) थेवा आभूषण:**

---

RAJASTHAN
CURRENT AFFAIRS
www.rajasthancurrentaffairs.in